राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

पत्र संख्या–प0नि0 30–23/2025 3486

प्रेषक,

उप सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी, (पंचायत)
बिहार।

पटना, दिनांक 31/08/2026

**विषयः–वर्ष, 2011 की जनगणना के EB Wise Data का मोबाईल ऐप से प्रविष्टि आयोग के वेबसाईट पर किये जाने के संबंध में।**

**प्रसंगः–आयोग का पत्रांक 3480 दिनांक 28.08.2026 एवं पत्रांक 3453 दिनांक 24.08.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि सरकार द्वारा वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नये सिरे से पंचायतों का परिसीमन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। परिसीमन के क्रम में EB Wise Data का प्रविष्टि कराये जाने का कार्य काफी महत्वपूर्ण है। प्रासंगिक पत्र द्वारा EB Wise Data की प्रविष्टि आयोग के वेबसाइट पर दिनांक 10.09.2026 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, परंतु विभिन्न जिलों द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रगति काफी धीमी है एवं डाटा प्रविष्टि के क्रम में त्रुटियाँ भी परिलक्षित हो रही है यथा– एक राजस्व ग्राम के EB की प्रविष्टि समीपवर्ती/अन्य राजस्व ग्राम में की गई है।

उक्त के संदर्भ में निदेश है कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए इस महत्वपूर्ण कार्य की समीक्षा प्रत्येक दिन करते हुए ससमय पूर्ण कराया जाये। अगामी 1–2 दिनों के पश्चात् परिसीमन कार्य के संबंध में **माननीय आयुक्त महोदय द्वारा सभी जिला पदाधिकारी के साथ विडियो कॉन्फ्रेसिंग** के माध्यम से बैठक आहूत की जायेगी, जिसमें किये गये कार्यों के संबंध में अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की जायेगी।

विदित हो कि EB Wise Data की प्रविष्टि से संबंधित प्रशिक्षण दिनांक 25.08.2026 को दिया जा चुका है। वर्तमान में विभिन्न जिलों द्वारा EB Wise Data की प्रविष्टि से संबंधित किये जा रहे कार्यों के संबंध में पुनः आयोग स्तर से प्रशिक्षण दिये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रशिक्षण के कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| तिथि एवं समय | प्रमंडल | प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पदाधिकारी। |
|---|---|---|
| 01.09.2026 (12.00 PM to 2.00 PM) | तिरहुत, दरभंगा, कोशी, पूर्णियाँ एवं सारण | सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तथा उनके सभी टीम |
| 01.09.2026 (4.00 PM to 6.00 PM) | पटना, मुंगेर, मगध एवं भागलपुर | |

अनुरोध है कि उर्पयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में समसय भाग लेने हेतु सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तथा उनकी टीम को अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

31/8/26

उप सचिव।

ज्ञापांक प0नि0 30–23 / 2025– 3486                                   पटना, दिनांक – 31/08/2026

प्रतिलिपि : SER टीम / BSWAN के टेक्निकल टीम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाइ हेतु प्रेषित।

31/8/26

उप सचिव।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847] E-mail: secbihar@gmail.com